DOMINIC CASERTA का बयान, **Santa Clara नगर परिषद सीट ५** से **सदस्य** के प्रत्याशी

पेशा: Santa Clara में अर्थशास्त्र के शिक्षक **उम्र:** ३९

शिक्षा व योग्यताएं:

शुक्रिया! यह मेरा सौभाग्य है कि मैंने ८ साल तक परिषद-सदस्य के रूप में आपकी सेवा की और Santa Clara को रहने के लिए एक बढ़िया जगह बनाया | मैंने लगातार ८ बजटों में संतुलन बनाए रखने में मदद की; हमारे वरिष्ठ केंद्र में सुधार लाया; पार्क, एक क्रीक ट्रेल, और एक नयी नार्थ साइड पुस्तकालय बनवाने के लिए धन मोहइया करवाया; हमारी कम उपयोगिता दर और सफाई अभियान को सुरक्षित रखा और जनता की सुरक्षा पर पूर्ण रूप से काम किया |

Santa Clara की पांचवी पीढ़ी का सदस्य, एक पति, Santa Clara यूनिवर्सिटी और सिटीजन्स पुलिस अकादमी का ग्रेजुएट, Santa Clara में अर्थशास्त्र के शिक्षक और कोच, एक घर का मालिक और परिषद का सदस्य होने के नाते मुझे वह मूल्य और अनुभव प्राप्त हैं जिनसे मैं हमारे जीवन की गुणवत्ता कायम रख सकता हूँ और Santa Clara शहर को प्रगति की राह पर ले जा सकता हूँ | मैं बिना थके काम करूँगा ताकि मैं यहाँ के स्कूलों में सुधार ला सकूँ; जनता की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकूँ; वृद्ध व युवा सेवाओं को सहारा दे सकूँ; नए पार्क व खुली जगह बनवा सकूँ; और अपने पड़ोस को सुरक्षित रख सकूँ | मैं बजट में संतुलन रखूँगा, और Santa Clara शहर को राजकोषीय स्तर पर सही-सलामत रखूंगा और साथ ही साथ नौकरी और विकास को बढ़ावा दूँगा | मैं हमेशा नैतिक, पारदर्शी और उत्तरदायी रहूँगा |

कृपया Santa Clara के फ़ायरमैन, पुलिस अधिकारियों, नर्सों, शिक्षकों, व्यवसाय मालिकों, और कांग्रेसवूमेन इशू और लोफगरेन, सीनेटर अलक्विस्ट, शेरिफ स्मिथ, पूर्व पुलिस के मुख्य लॉज और काइल और Santa Clara के मेयरस मैथयूस, फारघर, गिल्मोर, मरसली, सूज़ा, और महन के साथ जुड़ें जो मेरी उम्मीदवारी का समर्थन कर रहे हैं | मैं आपका आभारी रहूँगा अगर आप मुझे फिरसे आपकी सेवा करने का मौका देंगे | कृपया देखें http://www.dominiccaserta.com/